'श्रम शक्ति' से 'अर्थ शक्ति' बनने की ओर यूपी : योगी

सरकार के आठ साल पूरे होने पर सीएम ने गिनाई उपलब्धियां और बुकलेट भी जारी की

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि यूपी की पहचान कभी केवल 'श्रम शक्ति' के रूप में हुआ करती थी। अब वह देश की 'अर्थ शक्ति' बनने की ओर अग्रसर है। प्रदेश वही है, लेकिन बीते 8 वर्षों में परसेप्शन पूरी तरह बदल चुका है। सुरक्षा, सुशासन, समृद्धि और सनातन संस्कृति के क्षेत्र में जो पहचान बनी है, उसका अहसास यूपी ही नहीं, पूरा भारत कर रहा है।

योगी ने सोमवार को लोकभवन में सरकार की 8 साल की उपलब्धियों को मीडिया के सामने रखा। सीएम ने 25 मार्च 2022 को अपनी दूसरी पारी शुरू की थी। मंगलवार को इसके भी तीन साल पूरे हो रहे हैं। इस अवसर पर उपलब्धियों को समाहित करते हुए डॉक्युमेंट्री प्रदर्शित की गई और 8 साल के कामकाज पर आधारित बुकलेट का भी विमोचन हुआ।

सामूहिकता को श्रेयः सीएम ने 8 साल में सरकार के खाते में आई उपलब्धियों और प्रदेश के बदले स्वरूप का श्रेय टीमवर्क और सामूहिक प्रयासों को दिया। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन के साथ ही सभी केंद्रीय मंत्रियों, सरकार में अपने सहयोगियों, संगठन के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व व कार्यकर्ताओं का आभार भी जताया। योगी ने कहा, आठ वर्ष की शानदार यात्रा टीम भावना से यूपी के स्केल को स्किल और स्पीड से जोड़ने की यात्रा रही है। सरकार, संगठन व सहयोगियों के साथ बेहतर संदेश की कवायद मंच पर भी नजर आई। मंच पर योगी के बगल में दोनों डिप्टी सीएम, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, सरकार में सहयोगी दलों के प्रतिनिधि सुभासपा मुखिया ओम प्रकाश राजभर, अपना दल (एस) के आशीष पटेल व रालोद के अनिल कुमार भी बैठे थे।

प्रदेश का परसेप्शन बदला: योगी ने प्रदेश में पूर्ववर्ती सरकारों का जिक्र करते हुए कहा कि आठ वर्ष पहले प्रदेश की पहचान संकट में थी। किसान आत्महत्या कर रहे थे, युवा अपनी पहचान के मोहताज थे, बेटियां और व्यापारी असुरक्षित थे। दंगों और अराजकता ने अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया था। उस समय यूपी को बीमारू राज्य माना जाता था और इसे देश के विकास में बाधक समझा जाता था। लेकिन आठ वर्षों में डबल इंजन सरकार ने इस परसेप्शन को पूरी तरह बदल दिया। आज यूपी देश के विकास का ब्रेकथ्रू बनकर हर सेक्टर में आगे बढ़ रहा है। अनाज, गन्ना, आलू, इथेनॉल उत्पादन, प्रॉजेक्ट फाइनेंसिंग, आयकर रिटर्न, जेम पोर्टल खरीद, कौशल विकास, एमएसएमई, पीएम आवास, उज्ज्वला, स्वामित्व, जनधन, सुरक्षा बीमा और जीवन ज्योति बीमा सहित कई योजनाओं में यूपी नंबर वन है। ▶▶ पेज 9

'नारी सम्मान, स्वावलंबन की ओर कदम बढ़े'

सीएम ने कहा कि नारी की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन संपूर्ण समाज के स्वावलंबन का आधार है। सरकार ने इस दिशा में प्रभावी कदम बढ़ाए हैं। 70 वर्षों में पुलिस बल में केवल 10 हजार महिला पुलिसकर्मी थीं। पिछले आठ सालों में हमने इसे बढ़ाकर 25 हजार पहुंचाया। प्रदेश में महिला वर्कफोर्स 14% से बढ़कर 35% से अधिक हो चुकी है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत 22.11 लाख बेटियों को जन्म से स्नातक तक 25,000 रुपये की सहायता दी गई। स्वामित्व योजना में एक करोड़ महिलाओं को मालिकाना हक दिया गया। कामकाजी महिलाओं के लिए अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर छह शहरों में हॉस्टल बनाए जा रहे हैं। जल्द ही मेधावी छात्राओं को निःशुल्क स्कूटी उपलब्ध कराने की भी प्रक्रिया शुरू की जाएगी।